हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार, 16 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

धान की खरीदी 50% नए व 50% पुराने बारदानों... 11


बिरसामुंडा सिर्फ जनजाति समाज की ही नहीं बल्कि... 12




## खबर संक्षेप

### विधायक जनदर्शन आज



**छुरा।** क्षेत्र के विधायक रोहित साहू का नदर्शन 16 नवंबर को 11:00 से 2:00 बजे तक स्थानीय रेस्ट हाउस रखा गया है। नगर पंचायत के अध्यक्ष खोमन चंद्राकर एवं भाजपा नेता मानसिंह निषाद ने सभी लोगों को से अधिक संख्या में उपस्थित होने के अपील की है।

### फिंगेश्वर ब्लॉक के एकदिवसीय दौरे पर अमितेश आएंगे आज



**फिंगेश्वर।** राज्य के प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल 16 नवंबर को ब्लॉक के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान दोपहर 2 बजे रजकट्टी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व.अनुईया शुक्ला के तेरवी कार्यक्रम, शाम 5 बजे भेंड्री में युवा नेता लाकेश सिन्हा के यहाँ आशीर्वाद समारोह में शामिल होंगे।

### रसेला में भूमि पूजन कार्यक्रम में होंगे शामिल विधायक ध्रुव



**रसेला।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव 16 नवंबर शनिवार को 3 बजे ग्राम रसेला पहुंचेंगे। जहां आश्रित ग्राम बेलडीही में पांच लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन के भूमि पुजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात ग्राम पंचायत रसेला के आश्रित ग्राम कारीमाटी पांच लाख रुपए से बनने वाले सी सी रोड का भूमिपूजन करेंगे। वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक जनक ध्रुव होंगे अध्यक्षता बिगेन्द्र ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत रसेला एवं विशेष अतिथि परमेश्वर यादव उप सरपंच ग्राम पंचायत रसेला के साथ दुखु राम यादव, लोकराम यादव, कमलेश्वर नायक, सैय्यद चिराग अली जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी गरियाबंद,संत राम ठाकुर, देवलाल मरकाम, नंदुदास मानिकपुरी, धनीराम यादव रामेश्वर सिन्हा, राकेश कोमर्रा, धनमोतीन बाई पंच तुलसी बाई पंच होंगे। वहीं इस कार्यक्रम के समापन के पश्चात विधायक जनक ध्रुव ग्राम मड़ेली के लिए रवाना होंगे जहां पहुंच वे रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान उनके साथ ग्राम पंचायत मड़ेली के लक्ष्मी ठाकुर के साथ गांव एवं क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम बिजराभांठा जाने के कच्चे रास्ते में एक बाइक चालक से महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में ग्राम सावित्रीपुर की ओर से ग्राम सांकरा की ओर अवैध शराब परिवहन कर रहा है।

**परंपरा:** संगम क्षेत्र में भक्त तड़के से ही करते रहे स्नान, जाते रहे मंदिर, देर रात तक भक्तों का लगा रहा तांता

# कार्तिक पूर्णिमा पर राजिम नदिया मड़ई में भोलेनाथ की पूजा करने उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को तीन नदियों के संगम क्षेत्र में लगी नदिया मड़ई में इस बार जनसैलाब उमड़ पड़ा। भोलेनाथ के दर्शन व श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के मंदिर में पूजा करने सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। इस बार नदी के बीच से पैदल और लक्ष्मण झूला से भी बड़ी संख्या में लोग आते रहे। नदी का लंबा चौड़ा भाग दर्शनार्थियों और पिकनिक मनाने वालों से भरा रहा। उल्लेखनीय है कि सैकड़ों साल से नदिया मड़ई की परंपरा राजिम में चली आ रही है। राजिम मड़ई के बाद अब इधर समूचे अंचल में मड़ई मेले की शुरूआत हो जाएगी। दर्शन करने वालों में सभी वर्गों के लोग शामिल रहे।



### सुबह 4 बजे से देर रात तक रही भक्तों की भीड़

*राज्य में मेले मड़ई की शुरूआत राजिम से होती है। कार्तिक पूर्णिमा को तीन नदियों के बीच में बड़ा मेला लगता है। राज्यभर से आए भक्त त्रिवेणी संगम की पैरी,सोंढुर और महानदी की हल्की धार में डुबकी लगाकर दीपदान कर भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव की पूजा की। यह सिलसिला तड़के 4 बजे से लेकर देर रात तक चलता रहा।*

### माता सीता ने शिवलिंग बनाकर की थी पूजा

*पौराणिक किवदंती है कि भगवान श्रीराम के वनवास गमन के समय माता सीता ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन रेत से शिवलिंग बनाकर पूजा-अर्चना की थी। तब से यह परपंरा चली आ रही है। पूरे कार्तिक माहभर तड़के 4 बजे नदी में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुजन कार्तिक पूर्णिमा के साथ ही इसकी पूर्णाहुति आंवला पेड़ के नीचे आंवला भात खाकर पूरा करते हैं। व्यवस्था को बनाने पुलिस के जवान तैनात रहे।*

### सजीं रहीं दुकानें, लोगों ने किया एंजाय

पुन्नी मेले का आनंद लोगों ने कई तरह से लिया। मसलन आंवला भात खाने की परंपरा का बखूबी निर्वहन किया। लोमष ऋषि आश्रम क्षेत्र एवं नदी के बड़े भाग पर सैकड़ों टोलियां अलग-अलग जगहों अथवा पेड़ के नीचे बैठकर आंवला भात खाया। खासतौर से महिलाएं और युवतियों की टोली लोमष ऋषि आश्रम के भीतर खचाखच भरी हुई थी। अपने परिवार, दोस्तों के साथ पिकनिक का भरपूर मजा ले रहे थे। नदी के लम्बे-चौड़े भाग में लोगों को खूब इंजाय करते देखा गया। यहां का दृश्य हर किसी को सुकून प्रदान करने वाला रहा । दोपहर से लेकर देर रात तक इंजॉय करने वालों की भीड़ कई हजारों की संख्या में बनी रही। नदी के बीच हर तरह की दुकानें सजी हुई थीं।

## पुन्नी मेले में गंगा आरती ने बढ़ाई भक्ति की आभा






कोपरा। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भगवान कोपेश्वर नाथ मंदिर परिसर में पारंपरिक पुन्नी मेले का आयोजन पूरे उत्साह और भव्यता के साथ हुआ। मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जहां उन्होंने भगवान कोपेश्वर नाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा गंगा आरती का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय पंडित और विद्वानों की उपस्थिति ने वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया। आरती के दौरान मंदिर परिसर में हजारों दीप जलाए गए, जिससे पूरा क्षेत्र प्रकाशमय हो गया और श्रद्धालुओं ने इसे एक दिव्य अनुभव के रूप में महसूस ▶▶|शेष पेज 10 पर

## कलेक्टर ने धान खरीदी का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शुक्रवार दोपहर जिले के धान खरीदी केन्द्र बारूला का निरीक्षण किया। उन्होंने शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में नमी-मापक मशीन से धान के नमी की जांच भी की। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र में बारदाना, तौल मशीन का अवलोकन करते हुए हमालों से भी बातचीत कर जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी सहकारी समितियों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन का उपयोग करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने अपने समक्ष धान की तौलाई कर वस्तु स्थिति की जांच की। श्री अग्रवाल ने कहा कि नमी मापने के लिए आधुनिक मॉइश्चराइजर मशीन का उपयोग करें।किसानों को प्रदाय करने वाले टोकन के संबंध में निर्देश दिये कि ऑनलाइन टोकन ही किसानों को जारी किया जाये। उन्होंने धान की बोरी रखने के लिए भुसा या ईट का ड्रेनेज उपयोग करने के सख्त निर्देश दिये।कलेक्टर ने प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन के निर्धारित मापदण्डों के तहत ही धान खरीदी सुनिश्चित किया जाये। श्री अग्रवाल ने धान बेचने मौके पर पहुंचे किसानों का ऋण पुस्तिका का अवलोकन कर उनसे बातचीत कर प्रक्रिया की जानकारी ली।किसानों ने बताया कि टोकन मिलने के पश्चात धान बेचने आये हैं तथा किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। धान खरीदी केन्द्र बारूला में आये। आसपास के किसानों ने बताया कि वे समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए सात दिवस पूर्व टोकन कटाये थे।यह हमारे के लिए खुशी की बात है कि धान खरीदी के प्रथम दिवस ही हमें अपना धान समर्थन मूल्य पर बेचने का मौका मिल गया।किसानों ने बताया कि वे अपने धानों को साफ-सुथरा एवं सुखाकर लाये है।इस पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी किसानों से अपील की कि वे भी अपने धानों को साफ-सफाई कर एवं सुखाकर धान खरीदी केन्द्रों में बेचने के लिए लाए।

## टोकरो में धनेंद्र ने किया 3.5 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण

**नवापारा-राजिम।** टोकरो में 3 करोड़ 5 लाख रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने किया। इन निर्माण कार्यो में विशेष रूप से टोकरो-गातापार पहुंच मार्ग , कबीर कुटी भवन,साहूपारा सामुदायिक भवन, सीसी रोड शामिल है। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि एकता ही विकास की पहिया है। कोई भी कार्य को एकता एवं सामंजस्य से करने पर विकास कार्यों को बल मिलता है। कहा कि किसी भी कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति आसान काम नही है बड़ी मुश्किल से प्राप्त होती है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार समर्थन मूल्य का रेट 3217 करे। केंद्र ▶▶|शेष पेज 10 पर



## तेंदुआ और चीतल की खाल के साथ पांच तस्करों पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती-सीतानदी की एंटी पोचिग टीम एवं महासमुंद वनमंडल ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर चीतल की खाल के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तेंदुए की खाल का टुकड़ा भी बरामद किया गया है। वाइल्डलाइफ जिस्टस कमीशन इंडिया से प्राप्त सूचना के आधार ▶▶|शेष पेज 10 पर

- महासमुंद वनमंडल एवं उदंती-सीतानदी की एंटी पोचिग टीम का संयुक्त ऑपरेशन



### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

कार्रवाई में गरियाबंद पुलिस के साइबर सेल प्रभारी सतीश यादव, उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व की एंटी पोचिग टीम के नोडल अधिकारी गोपाल कश्यप सहायक संचालक उदंती मैनपुर, सुशील कुमार सागर वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव धुरवागुड़ी बफर, परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा लोकनाथ ध्रुव, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी खल्लारी नरेन्द्र कुमार चंद्राकर एवं चुरामन घृतलहरे, ओम प्रकाश राव, फलेश्वर दिवान, भुवनेश्वर तिवारी, अमित कुमार दीवान, पुनीत, इश्वर साहू एवं वन अमले का विशेष योगदान रहा।

## हरदीभाठा में लगातार पहुंच रहा जंगली भालू, विभाग ने तैनात किए कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में भालू के दस्तक थमने का नाम नही ले रहा है। भालू दो दिन पहले मैनपुर नगर में आते सीसी कैमरे में कैद होने के बाद वन विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से वन विभाग के कर्मचारियों के टीम तैनात किया है वन विभाग का दस्ता सायरन लगे वाहन में घुमघुम कर लोगों को रात के समय घर से अकेले बाहर नहीं निकलने का अपील कर रहे हैं। इसी बीच मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा में गुरूवार रात 8.30 बजे भालू पटेलपारा में घुस गया भालू के पटेलपार में पहुंचने की खबर लगते ही बड़ी संख्या में लोगों भी भीड़ इक्कठा हो गई। लोगों ने मोबाईल कैमरे से भालू की तस्वीर लेने लगे। गांव के एक पुराने टूटे फूटे मकान में घुस गया। जिसकी जानकारी वन विभाग को दिया गया। वन विभाग का अमला हरदीभाठा पहुंचा इससे पहले ही भालू तालाब किनारे होते हुए शिक्षक कालोनी मैनपुर पहुंच गया। वहां से सीधा हाई स्कूल ▶▶|शेष पेज 10 पर



## एनएच 130 पर मवेशियों से टकराया बाइक सवार, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में नेशनल हाईवे 130 सी के ऊपर मवेशियों का जमघट हमेशा लगा रहता है जिसके कारण आए दिनों लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं गुरुवार रात्रि 9 बजे के आसपास मोटरसाइकिल सवार एक युवक मवेशियों के झुंड से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से युवा घायल हो गया, नगर युवाओं ने तत्काल सहयोग कर घायल युवक को प्राइवेट वाहन के माध्यम से शासकीय अस्पताल मैनपुर पहुंचा, मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार युवक गौरघाट के तरफ से मैनपुर आ रहा था और नगर शक्ति फैब्रिक के सामने नेशनल हाईवे में मवेशियों का झुंड लगा हुआ था अचानक मवेशियों के दौड़ने से बाइक मवेशियों से टकरा गया टक्कर इतना जबरदस्त था कि युवक 10 फीट दूर गिरा जिससे युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। ज्ञात हो कि नेशनल हाईवे 130 के मैनपुर गरियाबंद देवभोग मार्ग में हमेशा मवेशियों का जमघट लगा रहता है और इन मवेशियों के चलते आए दोनों लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर मवेशी भी दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं लेकिन अब तक मवेशियों को सड़क से हटकर गौठन में रखने ▶▶|शेष पेज 10 पर



**पीएम मोदी ने 19 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया शिलान्यास**

# बिरसा मुंडा संघर्ष सामाजिक और आर्थिक शोषण के खिलाफ था : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भव्यता से मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम गांधी मैदान में आयोजित हुआ, जहां आदिवासी समाज की संस्कृति, गौरव और परंपराओं का उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के जमुई से वर्चुअली जुड़े और भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए देश की जनता को संबोधित किया। उन्होंने बिरसा मुंडा के सम्मान में 150 रुपये का चांदी का स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने 6,640 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

गरियाबंद में आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और आरंग क्षेत्र के विधायक गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने की। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 19.86 करोड़ रुपये लागत के 6 निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया, जिनमें 16 सड़क निर्माण कार्य, छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्र, वन धन केंद्र, बहुउद्देश्यीय केंद्र, और भुंजिया सामुदायिक भवन शामिल हैं।



### बिरसा मुंडा संस्कृति और अधिकारों के रक्षक थे

*विधायक रोहित साहू ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका संघर्ष सामाजिक और आर्थिक शोषण के खिलाफ था और यह अपनी संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए एक महान क्रांति थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य सरकार की योजनाओं से जनजाति समाज को आवास, सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार और भुंजिया समाज को प्राथमिकता देकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, सीईओ रीता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, जनपद अध्यक्ष गरियाबंद लालीमा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष मैनपुर नुरमति मांझी, और अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक और भारी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। जनजातीय गौरव दिवस का यह आयोजन आदिवासी समाज के गौरव और समृद्ध विरासत का उत्सव बन गया।*

### जल, जंगल और जमीन के रक्षक जनजाति समाज

मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने अपने संबोधन में कहा कि जनजाति समाज जल, जंगल और जमीन के असली संरक्षक हैं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष और वीरता को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अपने समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में भी नई दिशा दी। उन्होंने कहा, /"भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प और अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान से बड़ी से बड़ी बाधाओं को भी पार किया जा सकता है।

### हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अतिथियों ने हितग्राहियों को सामग्री वितरित कर लाभान्वित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का शुभारंभ भी किया गया और पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### कार से उठाईगिरी मामले में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** कलेक्टर कार्यालय स्थित समाज कल्याण विभाग के सामने 14 नवंबर को कार का शीशा तोड़कर तीन लाख रुपए चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी द्रोण कुमार चंद्राकर निवासी बावनकेरा 14 नवंबर को गांव से महासमुंद केसीसी का पैसा निकालने के लिए पंजाब नेशनल बैंक महासमुंद अपनी कार क्र. सीजी 04 पीवाय 3242 से ममेरा भाई विनोद चंद्राकर के साथ पहुंचा। पीएनबी में दोपहर करीब 2.40 बजे केसीसी खाता से 3 लाख रुपए आहरण कर कार के डेश बोर्ड में रखा था। इसके बाद दोनों कार से कलेक्टर परिसर समाज कल्याण विभाग गए।

## निधन

### समारू यादव

**मैनपुर।** मैनपुर नगर के समारू



यादव उम्र 48 वर्ष का गुरूवार रात को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## बाल दिवस : बिजली स्कूल में उमंग के साथ मनाया, खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

# पंडित जवाहरलाल नेहरू महान राजनीतिज्ञ के साथ प्रभावशाली वक्ता व लेखक भी थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में बाल दिवस का पर्व हर्ष एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत गुलाल लगाकर किया गया। बाल दिवस के अवसर पर छात्र- छात्राओं द्वारा गीत, कविता एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। वहीं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बिंदी लगाओ, बोरा दौड़, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़,टिटंगी दौड़, कंचा दौड़ आदि शामिल है।

इस अवसर पर प्राचार्य पूरनलाल साहू कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का योगदान भारतीय राजनीति और समाज के विकास में अद्वितीय रहा है। पंडित जवाहरलाल नेहरू एक महान राजनीतिज्ञ, प्रभावशाली वक्ता और ख्यातिलब्ध लेखक भी थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से हमेशा गहरा लगाव था और वे मानते थे कि बच्चे देश के भविष्य है। उनके



विचारों में बच्चों को एक अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य देने की आवश्यकता है ताकि वह आगे चलकर समाज और देश के विकास में अतुल्य योगदान दे सके। दिनेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। उनके पिता का नाम मोतीलाल नेहरू एवं माता स्वरूप रानी थी। विनय कुमार साहू ने कहा कि आप सभी अच्छे से पढ़ाई घर, परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। क्रीड़ा प्रतियोगिता का संचालन व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू एवं साहित्यिक कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संतोषी गिलहरे ने किया।

### एकलव्य पब्लिक स्कूल बोरसी में मनाया गया बाल दिवस



**फिंगेश्वर।** एकलव्य पब्लिक स्कूल बोरसी में बाल दिवस 14 नवंबर को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चे खुशी से झूम उठे। बाल दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न आयोजन रखे गए थे। जिसमें कुर्सी दौड़, गुब्बारा दौड़ व फुगड़ी में सभी बच्चों ने भाग लिए। बच्चों ने बाल दिवस के उपलक्ष में भाषण भी प्रस्तुत किये। स्कूल के प्राचार्य किशन साहू ने बच्चों को बाल दिवस के बारे में बताया। हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती होती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे कोमल साहू लेखापाल, टिकम सिन्हा उप प्राचार्य, लुकेश सिन्हा, सतीअनुसुइया साहू, रेवती सिन्हा, पुष्पा सेन, सोनिका साहू, चमेली साहू, वर्षा सिन्हा, देविका भोसले एवं आया दीदी राधिका यादव, दामिनी निषाद का विशेष सहयोग रहा।

### खेलों में ये रहे विजेता

*बोरा दौड़ में चुम्मन सेन प्रथम, टिकेश्वरी द्वितीय कुर्सी दौड़ टिकेश्वरी साहू प्रथम एवं देवकी निषाद द्वितीय, टिटंगी दौड़ चुम्मन,भूपेंद्र प्रथम, टिकेश्वरी,ममता द्वितीय चॉकलेट दौड़ में जास्मीन साहू प्रथम, कीर्ति निषाद द्वितीय, धीमी साइकिल रेस पूनम पटेल प्रथम हसीना निषाद द्वितीय,कंचा दौड़ में गीता साहू प्रथम, कुशमी निषाद द्वितीय,बिंदी लगाओ तारणी साहू प्रथम गीता साहू द्वितीय स्थान पर रही.शॉर्ट थ्रो बॉल में करण निषाद टीम विजेता एवं केवल साहू टीम उपविजेता रहे। सभी विजेता प्रतिभागी को शाला की ओर से पुरस्कृत किया।*

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू,नरेंद्र कुमार वर्मा,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे, शिक्षक नकुल राम साहू,क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र छात्रएं उपस्थित थे।*

### आईसेक्ट में बाल दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई

**नवापारा-राजिम।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर आईसेक्ट नवापारा में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर नेहरू जी के छायाचित्र को गुलाल फूल से विधिवत पूजा कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में आईसेक्ट के



निदेशक बलराम देवांगन ने नेहरू जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए नेहरू जी को स्वतंत्र भारत के स्वप्न दृष्टा बताया। नए भारत के नेहरू जी के योगदान को छात्र-छात्राओं को बताया । उन्होंने कहा कि एम्स, आईआईटी,आई आई एम एवं भारत में सेल की स्थापना कर देश को आर्थिक एवं सामाजिक मजबूती प्रदान की। कार्यक्रम में आईसेक्ट के छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विजेता छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। आईसेक्ट के उत्कृष्ट छात्रों को भी शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में आईसेक्ट के निदेशक बलराम देवांगन, वरिष्ठ प्रशिक्षक साखी निर्मलकर, खिलेश्वरी साहू ,भुनेश्वरी साहू ,विजय यादव, संध्या यादव, पूर्वी साहू, टिकेश्वरी साहू एवं आईसेक्ट के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पटेवा में सरपंच प्रतिनिधि राजू ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

**नवापारा-राजिम।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पटेवा में सरपंच प्रतिनिधि राजू पाल ,श्याम साहू ,दौवा साहू के आतिथ्य में शासकीय समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। खरीदी के प्रथम दिवस कुल 43 किसानों के 1114.40 क्विंटल धान का विक्रय किया, जिसमें दुकालू चक्रधारी के धान का सबसे पहले कांटा कर खरीदी शुरू की गई। समिति के धान खरीदी प्रभारी रूपेंद्र सेन ने बताया कि पटेवा समिति के अंतर्गत 1286 पंजीकृत कृषक है, जिनका कुल रकबा 1039 हेक्टेयर है इसमें लगभग 53000क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राजू पाल ने किसानों को बधाई दी। समिति के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी, अव्यवस्था का सामना करना ना पड़े, समय पर बारदाना व तौलाई की व्यवस्था होनी चाहिए। वहीं किसान भाइयों से कहा



कि धान को साफ सुथरा एवं अच्छे से सुखाकर ही टोकन कटवाएं इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष गणपत साहू, दौवा साहू, मकसूदन साहू, कुलेश्वर साहू ,उमेश साहू, भारत साहू, तुकाराम साहू, भारत निषाद, नोहर साहू, तरुण ध्रुव, संतोष साहू,सोसायटी कर्मचारी ऋषि साहू, उमेश साहू, गोपाल साहू, अमर साहू ,पंचू निषाद ,हमाल धनु तारक मौजूद थे।

## अभनपुर क्षेत्र के 7 ग्राम पंचायत को आरंग के जिला पंचायत क्षेत्र में जोड़ा गया : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के 7 ग्राम पंचायतों को अनेकों दावा-आपत्ति करने के बाद भी आरंग विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र में जोड़ दिया गया जिससे आरंग विकासखण्ड के आने वाले संभावित दावेदारों में मायुसी छा गई है। बताना जरूरी होगा कि 30 अक्टूबर के प्रारम्भिक प्रकाशन के बाद 8 नवम्बर तक दावा आपत्ति का अंतिम तारीख था जिसमें 30 की लिखित संख्या में आपत्ति दर्ज की गई थी बावजूद अभनपुर के ग्राम पंचायत आरंग विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र में जुड़ गया। इस संबंध में भाजपा नेता टीकमचन्द साहू ने बताया कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के कुल 109 ग्राम पंचायत में से 7 ग्राम पंचायत जिसमें पौंता,मोखला,पंधी,निसदा, गोईंदा, अकोली कला (लिंगाडीह), अकोली खुर्द आरंग विधानसभा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 एवं 15 में सम्मिलित हो गया है जो पूर्व में इसी विधानसभा क्षेत्र में ही रहा । जबकि अभनपुर क्षेत्र में 4 जिला पंचायत के लिए 102 ग्राम पंचायत है। क्षेत्र क्रमांक 8 में कुल 24 ग्राम पंचायत-नायकबांधा, सातपारा, गोतियारडीह, मोंहदी, झांकी, केन्द्री, केन्द्री, निमोरा, सिवनी, धूसेरा, खिलोरा, तूता, टोकरों, हसदा, मानिकचौरी, ठेल्काबांधा, गातापार, चण्डी, आमनेर, भेलवाडीह, बकतरा, सिंगारभाठा, सलौनी,बिरोदा। क्षेत्र क्रमांक 9 में 23 ग्राम पंचायत जूलूम, रवेली, आमदी, परसदा, विद्या मंदिर खट्टी, मूंडरा, कन्हेरा, टेकारी, पलौद, सोनपैरी , छछानपैरी, खोरपा, भटगांव, ढोंढरा, परसूली, भरेगा, उल्बा, लमकेनी, भांठापारा(बेलर) सकरी, बेलर, कोलर, सारखी। क्षेत्र क्रमांक 10 में कुल 26 पंचायत पारागांव, नवागांव (ल), कोलियारी, घोंट परसदा(सोंठ), छांटा सुन्दरकेरा, थनौद, जामगांव, खोल्हा, जंवईबांधा, पचेड़ा,



गिरोला, दादरझोरी, उमरपोटी, आलेखूंटा, पिपरौद, कुर्रा, सोनेसिली, तर्री दुलना, डोंगीतराई, पटेवा, चिपरीडीह, ऊपरवारा, खंडवा शामिल है। श्री साहू ने बताया कि सबसे ज्यादा क्षेत्र क्रमांक 11 में 29 पंचायते हैं जिसमें भोतीडीह , चम्पारण, टीला, तामासिवनी, डोमा, मोखेतरा, उगेतरा, नवागांव (क), कुर्रू, चेरिया, तेंदुआ, डंगनिया , पोंड़, जौन्दा, जौन्दी, कठिया, तोरला, भुरका, तर्रा, मन्दलोर, कुम्हारी, पांहदा, गौरभाठ, भलेरा, बनचरौदा, छटेरा, गिधवा, भिलाई, चरौदा शामिल है। बता दें कि फिलहाल आरक्षण का इंतजार स्थानीय नेता कर रहे है उसके हिसाब से फिर दांव पेंच शुरू हो जाएगा।

## बिरसा मुंडा के आदर्श आदिवासी समुदायों के साथ युवाओं के लिए गर्व और प्रेरणा के स्रोत

**रसेला।** एसीसी- एसटी संयुक्त मोर्चा ज़ोन रसेला में भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती वीं जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। उपस्थितों ने भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दयाराम नागेश ने कहा कि इतिहास के हर कालखंड में हमारी मातृभूमि में ऐसे वीर बेटे बेटियां पैदा हुए हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर भारत की भावना को अभिव्यक्ति किया है। वे हमें मार्ग पर आगे बढ़ाते रहते हैं। सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि जब राष्ट्र आधुनिक भारत के इतिहास में इस प्रतिष्ठित व्यक्ति की 150 वीं जयंती के वर्षभर चलने वाले समारोह की शुरुआत कर रहा है तो हम उनकी पुण्यतिथि स्मृति को नमन करते हैं। संतराम नेताम ने कहा कि इतिहास के साथ इस नए जुड़ाव को तब बढ़ावा मिला जब सरकार 2021 में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने



के लिए भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। भगवान बिरसा मुंडा की विरासत का स्मरणोत्सव लंबे समय से आदिवासी इतिहास को भारत के इतिहास के केंद्र में रखता है। भूपेन्द्र मरकाम ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास करना ही भगवान बिरसा मुंडा और आदिवासी क्षेत्रों के अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्र की ओर से दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि है। रायसिंह ठाकुर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श न केवल आदिवासी समुदायों के युवाओं के लिए बल्कि देश के हर हिस्से में सभी समुदायों के युवाओं के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। भावसिह मरकाम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, जमीन और स्वतंत्रता के लिए कम उम्र में लंबा संघर्ष किया। भगवान बिरसा मुंडा की गौरव गाथा युगों तक प्रेरणा देती रहेगी।

**इनकी रही मौजूदगी-** इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान राकेश कोमर्रा, महेंद्र, मिथलेश, यशराम यादव, दयाराम निषाद, परदेशी निर्मलकर, मिलन मरकाम, चंदन नागेश सहित बड़ी संख्या समाज के लोगों की मौजूदगी रही।

## भाजपा नेता जितेंद्र को बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

जिला भाजपा के वरिष्ठतम नेता नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर का जन्मदिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। सुबह श्री सोनकर अपने जन्मदिन के अवसर पर राजिम के प्राचीन मां महामाया मंदिर,भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचकर परिवार के साथ पूजा-अर्चना किया। समर्थकों ने प्रेम रतन पैलेस में केक काटकर बधाई दी। केक काटने के लिए राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू,पोखरा के सरपंच सतीश यादव,ललित सिन्हा सहित अनेको लोग पहुंचे थे। सुबह से लेकर देर रात तक जन्मदिन की बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। विशेष रूप से बधाई देने वालो में रायपुर सांसद बृजमोहन



अग्रवाल,महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी,राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, डॉ. रामकुमार साहू, संजीव चंद्राकर, नगर पंचायत राजिम के सभापति ओमप्रकाश आडिल सहित सभी पार्षद, कई विधायक, पार्टी संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, स्थानीय पत्रकार सहित बड़ी संख्या में समर्थक शामिल थे।



## राजिम स्वास्थ्य केंद्र में किया जनजातीय भाइयों का सम्मान

**राजिम।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 की जयंती के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गौरव दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया था, जिसके उपलक्ष्य में पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्राम जमाही, जोगीडीपा, छुइया ,चरौदा क्षेत्र के जनजाति बंधु राज्य के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रवाना हुए। राजिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित सभी आदिवासी भाइयों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीवनदीप समिति के सदस्य, सेजस आत्मानंद के सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विरेन्द्र हिरौंदिया विकासखंड चिकित्सा अधिकारी तथा विशेष अतिथि के रूप में भाजपा नेता संजीव साहू उपस्थित रहे। श्री पटेल ने कहा कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 में हुआ था, एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोकनायक थे, उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में




बंगाल प्रेसीडेंसी में हुए एक आदिवासी धार्मिक आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में महत्वपूर्ण साबित हुए। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं। इस अवसर पर जनजातीय भाइयों का श्रीफल व तिलक लगाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीपीएम सौरभ विरमानी ,जितेंद्र साहू आरएचओ, गुंजारी साहू, धरम साहू, संतोष निषाद, जागेश्वर ध्रुव, राजू सिंग,मयेकु कमार, सालिक ध्रुव, टिकुराम ध्रुव, मदन ध्रुव सहित लगभग 200 लोग राज्य के कार्यक्रम में शामिल होने रवाना हुए।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर में 13 नवंबर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव के द्वारा साल साड़ी एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। जगदीश यादव ने कहा कि शासन के कार्यों को जिम्मेदारी पूर्वक हमारी आगनबाड़ी के बहनों के द्वारा की जाती है। वहीं पर नौनिहाल बच्चों सहित उनकी माताओ के स्वास्थ का देखभाल भी करती है। अभी चुनाव को लेकर हमारी बहनों ने मतदाता सूचि कार्यो को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किया है। इसलिए उनके कार्यो को लेकर उनको सम्मान किया गया है जो



वास्तविकता मे आवश्यक है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

## चुनाव कार्यशाला एवं मंडल कार्य समिति की बैठक हुई

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए जुट जाएं : इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शहर के पंडित ऋषि दास वैष्णव सामुदायिक भवन में बनाए गए विधायक कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व एवं जिला संगठन के आह्वान पर भाजपा नवापारा मंडल का संगठन चुनाव कार्यशाला एवं मंडल कार्य समिति की बैठक में विधायक इंद्रकुमार साहू,नवापारा भाजपा मंडल चुनाव प्रभारी शिवशंकर वर्मा, सहप्रभारी दयालु गाड़ा, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता आपस में मिलकर कार्य करें और सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में मदद करें। विधायक श्री साहू ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे नगरीय निकाय के चुनाव में जीत के लिए अभी से जुट जाएं, वार्डों में सभी मतदाताओं से सतत संपर्क



बनाए रखें, उनकी मूलभूत समस्याओं को सरकार एवं जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाकर हल करने का प्रयास करें। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। मंडल प्रभारी शिवशंकर वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी से एक-एक कर चर्चा किया। इस अवसर पर सहप्रभारी दयालु गाड़ा,पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक गंगवाल,अशोक नागवानी, नत्थूराम साहू, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, नवल साहू, भाजयुमों मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, भाजयुमो नेता किशोर देवांगन, संजय साहू, कैलाश तिवारी, दुकालू चक्रधारी, रूपेंद्र चंद्राकर, चंद्रकला ध्रुव, अन्नपूर्णा देवांगन, मनीषा साखरे, मनीष देवांगन, मुकुंद मेश्राम, भुपेन्द्र सोनी, सौरभ जैन, रमेश साहू, प्रेमलाल साहू, तनु मिश्रा, हर्षा कंसारी, संतोषी कंसारी, फेकनू कन्हैया साहू, अजीत चौधरी, दनी साहू, अकरम रिजवी, मुश्ताक सुलड़ा, राजू यादव, धीरज साहू, किशन कौसरे, किशन साहू, गोपाल साहू मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष...

### पुन्नी मेले में गंगा...

किया। नगर पुरोहित मेघानंद के सानिध्य एवं मंदिर पुजारी दिलीप शर्मा के मौजूदगी में हुए गंगा आरती ने मेले की भक्ति-भावना को और अधिक प्रगाढ़ किया। आरती के समय गूंजते भजन और मंत्रोच्चारण ने श्रद्धालुओं के मन में अध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। इस कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को बल दिया, बल्कि मेले के माहौल को भी भक्तिमय बना दिया। पुन्नी मेला और गंगा आरती का यह संगम स्थानीय लोगों और अंचल के श्रद्धालुओं के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन गया। इस अवसर पर कोपेश्वर नाथ मंदिर समिति अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मुन्ना लाल देवदास अवध सिन्हा रामलाल सोनवानी केजुराम साहू ठाकुर ओंकार सिंह सियाराम साहू चंद्रभूषण साहू योगेश साहू नागेश्वर साहू गिरधर साहू रिकेश साहू गोरेलाल सिन्हा गिरधारी लाल साहू मोतीराम राम साहू गणेश राम साहू छबि राम साहू युवा विकास समिति एवं कोपेश्वर नाथ मंदिर समिति कोपरा के सदस्य मौजूद रहे।

### टोकरो में धनेंद्र...

सरकार द्वारा बढ़ाया गया समर्थन मूल्य की राशि उसमें जोड़ कर दे। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू ,ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, देवनंदनी साहू, भूपेंद्र साहू, नीमा निमेकर, शशि साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### तेंदुआ और चीतल...

पर 14 नवंबर को एन्टी पोचिंग टीम उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व एवं महासमुंद वनमंडल के साथ संयुक्त टीम गठित कर चुरकी ग्राम तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद के पास चीतल की खाल के साथ मानिसंग पिता हीरालाल,गिरधर पिता ढेलुराम, हराक पिता जहरू, सुकालू पिता पुनीत एवं पीलाराम पिता कोमल को मौके से पकड़ा। आरोपियों से तेंदुआ खाल का एक टुकड़ा भी जब्त किया गया जो जिसे उन्होंने चार साल पूर्व का बताया। आरोपियों से एक मोटर सायकल, तीन मोबाइल भी जब्त किया गया है। इनमे से दो आरोपियों पर पूर्व में भी जंगली सूअर के शिकार करने के प्रयोजन से बिजली लाइन से हूकिंग करने सम्बन्धी प्रकरण महासमुंद वनमंडल द्वारा दर्ज है। संयुक्त टीम द्वारा पांचों आरोपियों को पकड़कर विस्तृत पूछताछ के लिए सहायक वन परिक्षेत्र कार्यालय खल्लारी लाया गया। न्यायालयीन कार्रवाई के लिए वन पिरक्षेत्र बागबाहरा के सुपुर्द कर पंचनामा लिया गया । प्रकरण में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।

### हरदीभाठा में लगातार...

मैदान के भीतर घुस गया फिर भालू जनपद पंचायत होते हुए जिड़ार रोड के तरफ निकल गया रात भर भालू मैनपुर नगर और हरदीभाठा में चक्कर लगाते रहा भालू के लगातार मैनपुर आने से लोगों में भारी डर देखने को मिल रहा है। वन परिक्षेत्र अधिकारी छबीलाल ध्रुव ने बताया वन विभाग का अमला तैनात किया गया है जो पूरे मैनपुर नगर सहित हरदीभाठा व आसपास के गांव में पहुंचकर लोगो से घर से अकेले रात के समय नही निकलने की अपील कर रहे है।

### हाइवे पर मवेशियों...

कोई समुचित व्यवस्था नहीं किया गया है जिसका खामियाजा वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है।

**घोड़ा से टकराया बाइक सवार, दो घायल-** मैनपुर नगर के भीतर द हाईट्स स्कूल के सामने तेज रफ्तार मोटरसायकल दो युवक घोड़े से जा टकराया जिससे दोनो युवक जमीन पर गिर गए दोनो युवक को घोड़े ने लात से जमकर मारा घायल युवको का उपचार मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### गांजर में धान खरीदी का शुभारंभ



**बागबाहरा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गांजर में धान खरीदी का शुभारंभ खल्लारी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान द्वारा संपन्न हुआ। श्री दीवान ने समस्त किसानों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामखिलावन साहू, किसान मोर्चा जिला मंत्री रुपेश साहू, लीलाधर चंद्राकर, नेहरू चंद्राकर, दाऊ टीकाराम चंद्राकर, सोसायटी प्रभारी पारस साहू, नीलकंठ साहू, गणेश तिवारी, समिति के पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

### जिपं सदस्य अलका ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

**बागबाहरा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिर्री पठारीमुड़ा में धान खरीदी का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य अलका चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संजय मलवे, शंकर तांडी, हेमंत तिवारी, भोजनाथ देवांगन, नरेंद्र बग्गा, सत्तू तांडी पूनम चंद्राकर, नंदू सोनी नारायण, तांडी योगेश चिंदा, दीपक साहू, किशन भारद्वाज, दादा ठाकुर आदि मौजूद रहे। कृषि उपज मंडी प्रांगण बागबाहरा में संचालित सिर्री-पठारीमुड़ा धान खरीदी केंद्र में अन्नदाता किसानों की उपस्थिति में पूजा अर्चना करके धान खरीदी कार्य की शुरुआत की गई।

### सनातन बोर्ड गठन के लिए आज सौंपेगे ज्ञापन

**महासमुंद।** दिल्ली में देश के संत समाज द्वारा देश के राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सनातन बोर्ड गठन की मांग को लेकर आज 16 नवंबर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी संदर्भ में संत समाज के समर्थन में सर्व हिंदू समाज द्वारा 16 नवंबर शनिवार को सुबह 10:30 बजे श्रीराम मंदिर गांधी चौक से एकत्रित होकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में सर्व हिंदू समाज महासमुंद द्वारा समस्त नगरवासियों को उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। उक्त जानकारी उत्तम कुमार वर्मा ने दी है।

### उपार्जन केंद्र खट्टी में धान खरीदी का शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खट्टी में गुरुवार को भारत माता के छायाचित्र और तौल बट की पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, रमेंश साहू, हुलास गिरी गोस्वामी, रेखराज साहू, सरपंच दूजराम साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### जयंती पर भगवान बिरसा को किया याद

**महासमुंद।** प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास महासमुंद में आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में खंड प्रभारी महेंद्र टंडन, छात्रावास अधीक्षिका रीतु चंद्राकर, छात्रावास के कर्मचारी तनूजा, सुषमा, रेशमा, तनूजा दुबे और छात्राएं उपस्थित रहे।

---

### धान खरीदी : जिले के पाण्डुका धान खरीदी केंद्र में शुरू, किसानों में उत्साह

# धान की खरीदी 50% नए व 50% पुराने बारदानों में की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महापर्व शुरू हो चुका है। गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत पाण्डुका स्थित धान खरीदी केंद्र में शुभारंभ का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। पूजा-अर्चना के बाद मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू ने वरिष्ठ भाजपा नेता नागेंद्र साहू, सोहन साहू और उपसरपंच बोडाराबंधा के साथ मिलकर प्रतीकात्मक रूप से एक कट्टा धान तौलकर खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत की। छत्तीसगढ़, जिसे धान का कटोरा कहा जाता है, में इस वर्ष 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हुई है। राज्य सरकार ने इस बार किसानों की सुविधा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन टोकन व्यवस्था लागू की है, जिससे टोकन के लिए लंबी कतारों से राहत मिलेगी। पाण्डुका समेत सभी धान खरीदी केंद्रों पर प्रशासन ने नमी मापक यंत्र, बारदाने, पेयजल, छाया और शौचालय जैसी सुविधाओं को सुनिश्चित किया है। इस बार धान की खरीदी 50% नए और 50% पुराने बारदानों में की जा रही है। नए बारदाने विपणन संघ से उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि पुराने बारदाने राइस मिलरों और पीडीएस दुकानों से प्राप्त किए गए हैं।



#### बायोमेट्रिक प्रणाली लागू

धान खरीदी की पारदर्शिता और किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए, इस बार बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) सत्यापन प्रक्रिया अनिवार्य की गई है। सीमांत और लघु किसानों को केवल दो टोकन और दीर्घ किसानों को तीन टोकन जारी किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से उन्हें अपने पूरे धान की बिक्री करनी होगी। इस शुभारंभ कार्यक्रम में मंडी प्रभारी धर्मेंद्र साहू, कृषि विस्तार अधिकारी सरोज केवट, मंडी कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। प्रशासन की तैयारियों और किसानों की भागीदारी से यह आयोजन सफल और उत्साहपूर्ण रहा।

#### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरु

**छुईहा बेलर।** सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, पूर्व प्राधिकृत अधिकारी हरख निर्मलकर, भाजपा बुथ अध्यक्ष अभय सिन्हा, पूर्व उपसरपंच दूर्गा राम यादव, कांग्रेस पुर्व जोन अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सिन्हा, सरपंच चरौदा नुतन मनोज पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी खोरबाहरा राम सिन्हा, आपरेटर रूपेन्द्र कुमार साहू, समीति प्रबंधक संतु साहू, लिपिक हेमन्त साहू, तोरन पटेल, भूलू सेन,कोमल ध्रुव इत्यादि किसानों के बीच गुरुवार को शासन द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुभारंभ किया गया।



#### बारूला उपार्जन केन्द्र में किसानों के बीच शुभारंभ

**छुईहा बेलर।** कृषक सहकारी समिति फिगेंश्वर के आश्रित उपार्जन केन्द्र बारूला का 14 नवंबर को विधिवत खरीदी की शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्यातिथि राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द, भाजपा नेता रामाधार साहू सेंदर, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू होरी लाल साहू, ईश्वर साहू, रामुराम साहू सेंदर फड़ प्रभारी अजय वर्मा थे। विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने कहा किसानों के लिए खुशी का मौका है। आज का दिन प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सोच के अनुरूप शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हुई है। इस मौके पर द्वरिका साहू, ऐनासिंग साहू, सुकदेव साहू, शेष नारायण गुप्ता, प्रहलाद पारधी, शंकर विश्वकर्मा, क्लेश साहू, समप्रमाद बंजारे, अशोक, ईलवारी धव, इन्दरमन साहू,धनजी निषाद, फड़ प्रभारी अजय वर्मा, ओमप्रकाश साहू, मुकेश आपरेटर, सुखराम साहू, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, ईश्वरी साहू, रामूराम साहू, बिसाहू साहू, नूतन साहू, तेजराम साहू, गेंदराम टंडन इत्यादि किसान, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



#### रानीपरतेवा में 16 किसानों ने 1515 कट्टा धान बेचा

**छुरा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति क्रां.1515 ग्राम पंचायत रानीपरतेवा में किसानों की उपस्थिति में डिजिटल तौल मशीन, धान का पूजा अर्चना सीताराम राम कंवर के कर कमलों से हुआ। कृषक देवसरा के बुधराम कंवर द्वारा लाए धान को तौल करके खरीदी का कार्य प्रारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सभापति प्रहलाद यद्रु, सरपंच केशरी हेमलाल नेताम, सरपंच तारिणी ध्रुव, सरपंच विक्रम कंवर, ग्राम पटेल साधुराम निषाद, किसान गण मोहन ठाकुर, हिरागिर गोस्वामी, कन्हैया निषाद, फगवा राम दीवान, भागवत निषाद, संतोष सिन्हा, हेमलाल नेताम पूर्व सरपंच, पवन साहू, बीडी ठाकुर, चेतन यादव, भीखम सिन्हा, गिरधर निषाद, देवनाथ ध्रुव, दीपक नेताम, कंवल ध्रुव, पंकज निर्मलकर, मुकेश साहू, आसाराम ध्रुव, 16 किसानों के द्वारा 1515 कट्टा धान लिया गया है। नोडल अधिकारी हेमलाल कंवर, प्रबंधक कुलेश्वर साहनी, कर्मचारी ईश्वर दयाल यद्रु, ईश्वर मरकाम, ताम सिंग मरकाम, रवि साहू उपस्थित थे।



## प्रतिदिन 889 क्विंटल धान की होगी खरीदी

**छुईहा बेलर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का बड़े उत्साह के साथ गुरुवार को शुरू हो गया है। इसी कड़ी में फिगेंश्वर अन्तर्गत बेलर उपार्जन केन्द्र में भी धान खरीदी की शुरुआत हुई है। धान खरीदी के पहले दिन पहला विक्रेता किसान नंदकुमार थे। जिनका गुलाल लगाकर स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया। तौल कांटे में पुष्प चढ़ाकर धान तौल का शुभारंभ किया। भाजपा नेता खोमन साहू ने कहा किसानों को खरीदी केंद्र में किसी तरह की असुविधा नहीं हो इसलिए राज्य की भाजपा सरकार की तरफ से कई तरह के इंतजाम किए गए हैं। किसानों को धान खरीदी के लिए अधिक दूरी तय न करना पड़े, इसका भी मुख्यमंत्री ने विशेष ख्याल रखा है। बेलर फड़ प्रभारी नीलकंठ साहू, कम्प्यूटर आपरेटर रेवतीरमन साहू ने कहा पंजीकृत किसान 827 ,रकबा 793हेक्टर , खरीदी लक्ष्य लगभग 41 हजार क्विंटल होगी। टोकन ऑनलाईन किसान 827 रकबा 793हेक्टर लक्ष्य 41 हजार क्विंटल होगी। टोकन 100% ऑनलाईन आफलाइन की सुविधा है। प्रतिदिन 889 क्विंटल धान खरीदी होगी। केन्द्र द्वारा इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली थी। इस मौके पर टायल राम साहू सरपंच बेलर, पूर्व अध्यक्ष अमरसिंह साहू, वरिष्ठ किसान मेहत्तरु राम सिन्हा, नीलकंठ साहू प्रबंधक, सरपंच भाजपा नेता रामजी साहू, पूरण साहू, खोमन साहू तुलाराम साहू, राकेश साहू, गंगादिन साहू, शेखर साहू, नोडल अधिकारी अशोक साहू, रोहित साहू, आरती ठाकुर, चेतन, नंदकुमार साहू, पोहत साहू, बलदाउ साहू, पुष्कर साहू उपस्थित थे।

---

# आत्मानंद स्कूल छुरा में बाल दिवस पर नृत्य, नाटक, गीत एवं कविता स्पर्धा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा में बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम बच्चों का स्वागत तिलक व पुष्प के साथ विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। फिर बच्चों को निर्धारित स्थानों में बैठाया गया।

> ■ विद्यार्थियों को प्रशस्ती पत्र व कलम दे कर सम्मानित किया

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती एवं नेहरू जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। जिसमें नृत्य, नाटक, गीत एवं कविता शामिल थे। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया।





जिसमें सर्वप्रथम शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के परीक्षा प्रभारी दिवस कुमार यादव व्याख्याता ने प्रशस्ती पत्र व कलम दे कर सम्मानित किया।

उत्कृष्ट सहभागिता रखने वाले छात्र -छात्राओं को विद्यालय अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया। जिसमें चित्रकला के क्षेत्र में हर्षिता सिन्हा, नृत्य के क्षेत्र में सिद्धि पांडेय, खेलकूद के क्षेत्र में लक्ष्मी साहू, उद्बोधन के क्षेत्र में ओजस्वनी साहू को मोमेंटो एवम् प्रशस्ति पत्र दे कर विद्यालय प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी बच्चों को भोजन खिला कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता बिनेश कुमार डनसेना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक मोतीलाल साहू एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## पीपरछेड़ी एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

**रसेला।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर गरियाबंद जिले अंतर्गत ग्राम पीपरछेड़ी एकलव्य आदर्श विद्यालय के छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों ने रैली निकालकर गांव के गलियों तक भ्रमण करते हुए जन जागरुकता अभियान चलाया। इस अवसर पर समाजसेवक सीताराम सोनवानी,भुंजिया समाज के जिलाध्यक्ष गुवाल सिंग सोरी, क्षेत्रीय जनपद सदस्य बीरेंद्र ठाकुर, ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी के सरपंच गैंद दीवान, क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के साथ एकलव्य विद्यालय के नागेंद्र सिंह प्राचार्य, शिक्षक बंटी यादव, सिखा, गौतमी सिंह, आयुष, उत्तम, अनुपम द्विवेदी, गणपत, अनुराग, अनन्या अर्पिता, कुलप्रिया, प्रवीण, जितेंद्रप्रियंका, मुनिया, रवि,स्वाती, राकेश कुमार, वसुधा सिंह, जितेंद्र चंदू लाल यादव, ऋतु राज कश्यप, ठाकुर राम दीवान, विश्वनाथ यादव,भानु प्रताप राजकुमारी, प्रमिला उत्तरा, कलावती, पेमिन के साथ स्कूली छात्र- छात्राओं के साथ अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।







# पतोरा में कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया, आंवला पेड़ का श्रृंगार कर पूजा की

**छुईहा बेलर।** कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव ग्राम पतोरा में शुक्रवार को बड़ी भक्ति भाव से मनाया गया। इस गांव में पुर्वजों से चले आ रहे परम्परा को आज भी आगे बढ़ रहे हैं। यहां के ग्रामीण कार्तिक मास में ब्रम्ह मुहूर्त में स्नान ध्यान और गंगा मैय्या को दीप-दान, भगवान शिव तथा शालिग्राम की पूजा कर रहे थे। वरिष्टो के सरक्षंण में युवक, युवती पुण्य स्नान, दीप-दान, भगवान भोलेनाथ की आरती कार्तिक मास में किये गये। जिसकी समापन कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर उत्सव के रूप मनाया गया। इस दिन पूरे ग्रामवासी ब्रम्ह मुहूर्त में स्नान कर कलश शोभायात्रा निकाली जो गांव में भ्रमण किया गया। इस दिन आंवला पेड़ को श्रृंगार कर पूजा किया गया। साथ ही रावत नाचा एंव रामायण का आयोजन रखा गया था। पूरे कार्तिक मास में स्नान करने एंव आयोजन प्रमुख डॉ. डोमन नायक, नरोत्तम, छन्नू, निलेश, पोहत, हुमेश साहू, प्रेम साहू, छोटू साहू, अरुण, चंद्रहास, जीतू,



बाल्मीकि, वासु, खेमिन, चेमिन, योगिता, पूजा, चित्र रेखा, नूतन, ममता, प्रियाशा, उषा, चंचल, अंजलि, रानी, हरिराम यादव सुखदेव यादव ये सभी साज बाज के साथ गांव भ्रमण किए और कार्यक्रम पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। और रात्रिकालीन प्रोग्राम में रामायण कार्यक्रम भी रखा गया था। जिसे देखने श्रद्धालु बड़े संख्या में उमड़े हुए थे , ईसी तरह यह त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बच्चे बहुत ही आनंदित थे भिनेश, मनीष, नैतिक, चेमन, अनु, पोमेश, भोजू उपस्थित व शामिल थे।

### आंदोलन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पैक्स ही सशक्त माध्यम

# रसेला में 71वां अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति रसेला में 14 नवंबर को 71 वा अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिगेन्द्र ठाकुर सरपंच, अध्यक्षता भावसिह मरकाम लघु वनोपज समिति अध्यक्ष, विशेष अतिथि के रूप में उपसरपंच परमेश्वर यादव, डगेश्वर ओटी जिला युनियन सदस्य, कमलेश्वर नायक सहित सभी अतिथिगण उपस्थित थे। सभी अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। समिति प्रबंधक केशव यादव ने बताया कि 14 से 20 नवंबर तक अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। बिगेन्द्र ठाकुर ने सहकारिता के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य विषय विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका रखा गया है। इस दौरान सहकारिता विभाग की विभिन्न गतिविधियों से लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। सहकारी संगठनों में नवाचार, तकनीक, उघमिता, कौशल विकास सहकारिता की भूमिकाओं पर विमर्श किया गया। भावसिह मरकाम ने कहा कि सहकारी सप्ताह के माध्यम से हम सरकार से समृद्धि को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी कड़ी में परमेश्वर यादव अपने उद्बोधन में कहा कि सहकारी आंदोलन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पैक्स ही सशक्त माध्यम है। इस दौरान संचालक सुकालु राम ध्रुव, नरसिग ध्रुव, जगदीश यादव, ठग्गू राम साहू, अजल सिंह ओटी, हरिराम मरकाम, शांति बाई सेन, फडमुशी अशवत सेन, तरूण साहू, नंदकुमार ध्रुव, चक्रधर मरकाम, गौतम ओटी, नरेंद्र कुमार नायक, संग्राहक सदस्य खूबलाल यादव, दुष्यंत चन्द्राकार, भागवत कोमर्रा, प्रभुलाल कुंजाम, पतेभान सिंह राजपूत , रामरतन यादव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।


















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पहंदा में मड़ई कल और रात में गम्मत

**अभनपुर।** ग्राम पाहंदा (चंपारण) मे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 नवम्बर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। एसकुमार साहू ने बताया कि यह आयोजन बजरंग चौक, स्कूल पारा के विशेष सहयोग से किया जा रहा है तथा रात में मोर गांव के भुईयां (छग नाचा गम्मत) माउलीभाटा ओडिशा का कार्यक्रम होगा।

### शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने वार्ड 11 बाजारपारा में एक व्यक्ति के खिलाफ पान ठेला में शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 11 बाजार पारा तेंदूलोथा जाने की कच्ची रोड किनारे आरोपी सुरेंद्र बघेल अपने पान ठेला बागबाहरा में लोगों को शराब पीने पिलाने की संसाधन उपलब्ध करा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो शराब पीने वाले वहां से भाग निकले। वहीं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे आरोपी सुरेंद्र बघेल पिता लालू बघेल (20 वर्ष) के खिलाफ धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मौके से एक नग देशी प्लेन शराब की पौवा वाली शीशी जिसमें करीबन 25 एमएल हाथ भट्ठी की महुआ शराब भरी हुई थी को जब्त किया गया।

**जयंती :** बिरसामुंडा जयंती पर आदिवासियों ने मैनपुर में तीर धनुष व पारंपरिक हथियारों के साथ निकाली रैली

# बिरसामुंडा सिर्फ जनजाति समाज के ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गौरव थे : पंचायत अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शुक्रवार को महान क्रांतिकारी बिरसामुंडा की जयंती आदिवासी समाज द्वारा मनाई गई। जिडार चौक में आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में सुबह दोपहर 12 बजे उपस्थित हुए और बिरसामुंडा की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान एक तीर एक कमान ,सारे आदिवासी एक समान, बिरसामुंडा अमर रहे जैसे गगनभेदी जयकारे लगाए गए। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत गरियाबंद सभापति लोकेश्वरी नेताम ने बिरसामुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महान क्रांतिकारी बिरसामुंडा सिर्फ जनजाति समाज की ही नहीं बल्कि पुरे देश के लिए गौरव थे। उन्होने अपने धर्म संस्कृति, जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकुमत से लडुते हुए अल्प आयु में ही अपना प्राण न्यौछावर कर दिया। आज हम सब बिरसामुंडा के बताये रास्तों पर चलने की जरूरत है। इस दौरान अखिल भारतीय विकास परिशद के संयोजक महेन्द्र नेताम ने कहा कि बिरसामुंडा की जयंती के अवसर पर आज हम सब को यह संकल्प लेना है अपने समाज के अधिकारों के लिए हमेंशा सजग रहना है। उन्होने कहा कि देश की आजादी में और आजादी के बाद देश के विकास की यात्र में जनजाति आदिवासी समाज का काफी महत्वपूर्ण योगदान है। इस मौके पर प्रमुख रूप से आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, धनसिंह नेगी, हरचंद नेताम, प्रताप मरकाम, गुंजेश कपिल, निहाल नेताम, गगन नेगी, लोकेश नेगी, झरना मरकाम, पिंटू मरकाम, खिलेश्वरी परस, थन्जू लता नेताम, कुमेश्वरी ओटी, सरद नेगी, सेवा मरकाम, देवचरण मरकाम, बैतरीन मरकाम, डोमार ओटू, अरविन्द नेताम, विजय नागेश, ताराचंद नेगी, महेश्वर नेगी, वेदप्रकाश नागेश, भुनेश्वर नागेश, रोहण मरकाम, पदमन नेताम, गौरसिंह नागेश, धनसिंह नेताम, यमराज ओटी, डाकेश्वर नेगी, परमेश्वर मरकाम, चन्द्रसेन नेताम, श्रवण दिवान, सुभाश मरकाम, रमणीयकांत, गौकरण नागेश, सुकचंद विश्वकर्मा, गौरसिंह नागेश उपस्थित थे।



### जूलूस निकाल राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

*महान क्रांतिकारी बिरसामुंडा के जयंती के अवसर पर आदिवासी नेत्री एवं जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम के नेतृत्व में जंगी रैली निकाल जमकर नारेबाजी किया गया। एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद द्वारा एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया। जिसमें आदिवासियों के उपर हो रहे अत्याचार शोशण को बंद करने के साथ ही चार सूत्रिय मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया।*

### संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा आदिवासियों को जल व जंगल की रक्षा के लिए प्रेरित किया

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 38 किलो मीटर दूर राजपड़ाव गौरगांव क्षेत्र के ग्राम भूतबेड़ा में आदिवासी समाज एवं युवाओं ने बिरसामुंडा की 150वीं जयंती मनाई। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा कि बिरसा मुंडा देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के समय आदिवासी समाज पर हो रहे अत्याचार और धर्मांतरण के खिलाफ क्रांति का बिगुल बजाया और राष्ट्र व समाज उत्थान के लिए मात्र साढ़े चौबीस वर्ष की आयु में ही अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। वे हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर हमें चलना है।जय बिरसा मुंडा युवा संगठन भूतबेड़ा के संरक्षक फूलचंद मरकाम ने कहा कि बिरसा मुंडा ने सामंती व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन किया था। उन्होंने जमींदारी प्रथा और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई लड़ी। बिरसा ने मुंडा आदिवासियों को जल, जंगल की रक्षा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम में जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम,जय बिरसा मुंडा युवा संगठन के संरक्षक फूलचंद मरकाम,भूतबेड़ा के सरपंच अजय नेताम, गोना के सरपंच सुनील मरकाम, कोकड़ी के सरपंच सखाराम मरकाम, जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के अध्यक्ष पतंग मरकाम, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम परदे, उपसरपंच नंदलाल नागेश, नकुल नागेश, पूरन मेश्राम, झांकर रोहन नेताम, हेमंत परदे, अजय मरकाम, अनिल नेताम, धनेश्वर नेताम, कार्तिक नेताम, मेघनाथ मरकाम, चुन्नू नेताम, रविचंद्रन मरकाम, हीरा सिंह जगत,माधव नेताम,डिमेश नेताम,देवसिंह नेताम,मल्लेश्वर मरकाम, संचालक धनेंद्र सूर्यवंशी,सुनील सूर्यवंशी, अशोक नेताम, कुमारी रेखा नेताम, कुमारी प्रतिमा नेताम, कुमारी लिलेश्वरी मरकाम सहित समाज के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में दीपोत्सव



**मुड़ागांव(कोरासी)।** विगत कई वर्षों के भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम रानीपरतेवा के युवा साथियों के द्वारा बाबा सिद्धेश्वर नाथ एवं बजरंग बली मंदिर में दीपोत्सव दीपदान किया गया। यह पूरा कार्यक्रम 3:00 बजे रात्रि से लेकर सुबह 6:00 बजे तक चला।

इस कार्यक्रम में गांव के कार्तिक स्नान करने वाले माताएं एवं बच्चे भी शामिल हुए थे। पूरे मंदिर परिसर में सभी श्रद्धालु गणों के द्वारा 1001 दीप प्रज्वलित किया गया था जो बहुत ही आकर्षक एवं मनोरम लग रहा था। बाबा सिद्धेश्वर नाथ के पुजारी गिरधर गोस्वामी महाराज द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराया गया। साथ ही खीर पुड़ी प्रसादी के रूप में वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गिरधर गोस्वामी ,विनोद अडवंशी, पूरनलाल निषाद, यशवंत मरकाम, योगराज मरकाम, केशरी नेताम सरपंच हेमलाल नेताम, पोखन यदु, छोटेलाल सिन्हा, गिरवर निषाद, नरेंद्र बया, चमन नामदेव, केशव निषाद, हितेश यदु भोला साहू, विकाश मोगरे, विशेष दान राशि प्राप्त हुआ।

## कार्तिक पूर्णिमा पर शाही स्नान के लिए श्रद्धालुओं ने नदी में लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

पंचकोसी धाम कोपरा में इस बार कार्तिक पूर्णिमा पर आस्था और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। हजारों श्रद्धालु भोर से पहले ही पैरी नदी के तट पर जुटे। शाही स्नान के लिए श्रद्धालुओं ने नदी में डुबकी लगाई और पवित्र जल में पुन्नी स्नान कर रेत पर महादेव की आकृतियां बनाई। इसके बाद उन्होंने महादेव की विधिवत पूजा और आरती की, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। इस आयोजन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने उत्सव को और भी खास बना दिया। पारंपरिक परिधान में सजी महिलाएं आंवला पेड़ के नीचे सामूहिक पूजा करती नजर आईं। उन्होंने पारंपरिक गीत गाए और पूजा के बाद पिकनिक की तैयारियों में जुट गईं। कई महिलाओं ने अपने हाथों से तैयार किए व्यंजन चूल्हे पर पकाए, जिनकी खुशबू दूर-दूर तक फैल गई।



### भोजन का आनंद लिया और पारंपरिक व्यंजन बांटे



नदी किनारे का माहौल पिकनिक स्पॉट में बदल गया। बच्चों ने नदी के किनारे खेलकूद और मस्ती की, जबकि बुजुर्गों ने समूह में भजन-कीर्तन गाकर समय बिताया। परिवारों ने साथ मिलकर भोजन का आनंद लिया और पारंपरिक व्यंजन बांटे। कुछ जगहों पर पतंगबाजी भी देखी गई, जिसने त्योहार के माहौल को और रोचक बना दिया। कार्तिक पूर्णिमा का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि परिवार और समुदाय को एकजुट करने का अवसर भी। कोपरा के पंचकोसी धाम में हर उम्र के लोगों ने इस अवसर को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया, जो सामाजिक और आध्यात्मिक एकता का संदेश देता है।

## अपने अधिकारों के लिए हमेंशा रहे प्रयासरत : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसंबुडा में शुक्रवार को चौथा जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव, विद्यालय कप्तान भूमि ठाकुर और गीतांजलि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य ने भगवान बिरसा मुंडा और अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा के जीवन से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें अपने अधिकारों के लिए सतत प्रयास करना चाहिए और किसी भी प्रकार का शोषण सहन नहीं करना चाहिए। विद्यालय की कक्षा 11वीं की छात्रा अमीषा ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर भाषण दिया। रोशनी दीवान ने अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसी क्रम में छात्र मेष कुमार ने रानी दुर्गावती और छात्र विदेश ने वीर गुण्डाधुर पर अपने विचार साझा कर विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया। इसके साथ ही, विद्यालय की छात्राओं ने लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।



### आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा

जनजातीय गौरव दिवस के तहत 15 से 26 नवंबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 17 नवंबरः खेलकूद प्रतियोगिता,18 जनजातीय जननायकों पर भाषण एवं संगोष्ठी,19 जनजातीय जननायकों का परिचयात्मक कार्यक्रम, 20 को जनजातीय थीम पर विशेष भोजन, 22 को चित्रकारी प्रतियोगिता, 23 को निबंध लेखन, 24 को नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता, 25 को छात्रावासों में स्वास्थ्य परीक्षण, 26 को संविधान की उद्देशिका का पाठन और सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें जनजातीय नृत्य एवं गीत शामिल होंगे। यह आयोजन जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को नमन करते हुए वर्तमान और भविष्य के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। विद्यालय ने इस आयोजन से छात्रों और ग्रामवासियों के बीच जनजातीय नायकों के प्रति जागरूकता और सम्मान बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक विज्ञान के शिक्षक आशुतोष त्रिपाठी ने किया।

## बाल मेला विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा : स्मृति ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- बाल मेला में बच्चों ने लगाए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल

मैनपुर विकासखंड के ग्राम धुरवागुड़ी स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मिडियम स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जयंती के अवसर पर बाल मेला का आयोजन किया गया। इस बाल मेला में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के खाद्य व्यंजन तैयार कर स्टॉल लगाये गए। इडली, डोसा, भेल, गुपचुप, पोहा, मैगी पास्ता के अलावा, छत्तीसगढ़ी पकवान, ठेठरी खुरमी, बड़ा भजिया, अरसा, चीला के दुकान मे पालको और ग्रामीणों ने जमकर खरीदी किया गया। बच्चों के मनोबल बढ़ाने बाल मेला में शामिल होने जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर भी पहुंची। उन्होने बच्चो के दुकान में जमकर खरीदी किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा की इस तरह का बाल मेला कार्यक्रम आयोजित करने से छात्र- छात्राओं में छिपी हुई प्रतिभा को सामने आने का अवसर मिलता है जिससे उनका मनोबल बढ़ाता है। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये यह बाल मेला निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से रश्मि धुरवंशी, रीमा ध्रुव, मिनाक्षी साहू, यतिन्द्र नेताम, भूपेन्द्र साहू, हिमांशु उपाध्याय, विरेन्द्र बघेल, सुरेश शर्मा, सरपंच रामप्रसाद नेताम, संतोश गुप्ता, रूपचंद नेताम, अजय यादव, फनेन्द्र साहू, ऋशिकेश बघेल व मोतीलाल कोमर्रा व बड़ी संख्या मे पालक ग्रामीण बच्चे उपस्थित थे।



### डीएव्ही स्कूल देहारगुड़ा में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई स्कूल डीएव्ही एमएमपीएस देहारगुड़ा में बाल दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। संस्था प्रमुख सुश्री वेनुका साहू के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से कक्षा के जी 1 से कक्षा तीसरी तक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कक्षा केजी1 और कक्षा केजी 2 के लिए अरेन्ज द बाटल प्रतियोगिता, कक्षा पहली और दूसरी के लिए स्पून रेस, कक्षा तीसरी और चौथी के लिए थ्री लेग रेस, कक्षा पांचवी और छठवीं के लिए बैलून रेस, कक्षा सातवीं और आठवीं के लिए थ्रो द बाल एवं कक्षा नौवीं से ग्यारहवीं तक के लिए म्यूजिकल चेयर रेस आदि का आयोजन किया गया, जिसमें 1 से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय नागेश, लेखराज साहू, राकेश साहू, परम ज्योति भोई, रमेश यद्रु, थलेन्द्र कश्यप, धनंजय सिन्हा, उत्तम साहू, संदीप साहू, धनेंद्र साहू, लवकुश साहू, अन्नपूर्णा साहू उपस्थित रहे।

### स्कूल जा रहे बच्चे की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत

**महासमुंद।** सायकल से स्कूल जा रहे 9 साल के बच्चे की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। मामला ग्राम कलेंडा का है। मामले में सिंघोड़ा थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी लक्ष्मण पटेल पिता गंगाधर पटेल का भतीजा रितिक पटेल पिता स्व. मुनिराज पटेल (9 साल) 14 नवंबर की सुबह 8:30 बजे अपनी सायकल से पढ़ाई करने सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम कलेंडा जा रहा था। राम कलेंडा के दशरथ सेठ घर के सामने आइशर ट्रैक्टर सीजी 04 डीएम 3161 के चालक तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट करने से रितिक पटेल के पैर, सीने, नाक, बांये पैर के जांघ में गंभीर चोट लगी। जिसे चिवराकुटा के अस्पताल लाया गया।

## पटेल भवन में माता शाकंभरी की प्रतिमा की स्थापना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

ग्राम सातपारा में मरार पटेल समाज द्वारा इष्ट देवी शाकंभरी देवी का विधिवत पूजा अर्चना कर माता की मूर्ति का स्थापना किया गया। सामाजिक पदाधिकारियो ने बताया कि गांव के सामाजिक भवन परिसर मे 15 जुलाई को माता शांकम्भरी मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया था जिसके फलस्वरूप आज मंदिर मे माता विराजमान हुई है। मंदिर निर्माण से समाज मे सकारात्मक उर्जा का संचार होगा और आध्यात्मिक रूप से लाभ मिलेगा। इस अवसर पर राज संयोजक ईश्वर पटेल, राज सचिव धमेन्द्र पटेल,बुधारू राम पटेल,शंकर पटेल,टेकराम पटेल,खोमन पटेल,सोमलाल पटेल,नरेन्द्र पटेल,डेरहा पटेल,दिनेश पटेल,मुनि पटेल,सुखी पटेल,खेमराज पटेल,युगल पटेल सहित महिलाये उपस्थित रही।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का किया सम्मान

**छुरा।** भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष में विशेष ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायत कोसम बूढ़ा में रखा गया। ग्राम पंचायत कोसमबुडा में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जयंती के शुभ अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस में विशेष ग्राम सभा बैठक रखा गया और साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का सम्मान किया गया। जिसमें सरपंच भोगेंद्र कुमार ठाकुर, सचिव कृष लाल सिन्हा सहित ग्रामीण उपस्थित थे। ग्राम सभा में आदिवासी जनजाति समाज के लिए सरकार द्वारा चलाए गए योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और उनसे जुड़कर लाभान्वित होने की अपील की गई है। ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा कार्यकर्ता, सहायिकाओं का सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका है। साथ-साथ महिला बाल विकास के जुड़े योजना के अलावा छोटे बच्चों को संस्कार देने में भी उनकी बड़ी भूमिका हैं।









